समाचार

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के आयोजन से पारंपरिक खेलों के प्रति आमजन का बढ़ा रूझान – महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आधा दर्जन से अधिक वार्डो में पहुंचकर कराया आज के खेलों का शुभारंभ, राजीव मितान क्लब स्तर के खेलों का आज हुआ समापन, 15 अक्टूबर से प्रारंभ होंगी जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं)



कोरबा 11 अक्टूबर 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु शुरू कराए गए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के आयोजन से राज्य के पारंपरिक खेलों के प्रति आमजन का रूझान तेजी से बढ़ा है तथा लोगों में इन खेलों को लेकर अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से कोरबा में खेल अकादमी की स्थापना से संबंधित कार्य प्रगति पर हैं, खेल अकादमी की स्थापना से खिलाड़ियों एवं खेलों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जा सकेगा।

उक्त बातें आज महापौर श्री प्रसाद ने विभिन्न वार्डो में आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आयोजन के दौरान कही। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने एवं इनके प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु राज्य के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ ओलंपिक गेम्स की शुरूआत कराई गई है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्डो में भी कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के दिशा निर्देशन पर राजीव युवा मितान क्लब के आयोजकत्व में 06 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तहत राजीव मितान क्लब स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्लब स्तरीय आयोजन के आज अंतिम दिन महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के आधा दर्जन से अधिक वार्डो में पहुंचकर खेलों का शुभारंभ कराया, उन्होने निगम के वार्ड क्र. 25 एन.सी.डी.सी.स्कूल, वार्ड क्र. 01 ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल, वार्ड क्र. 18 पथर्रीपारा वाल्मीकि आश्रम, वार्ड क्र. 52 प्रगतिनगर, वार्ड क्र. 53 नदियाखार, वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार, वार्ड क्र. 30 मानिकपुर आदि वार्डो में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते

हुए खेलों का शुभारंभ कराया, इसके पूर्व उन्होने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया, उन्हे अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने गिल्ली डंडा, खो–खो, व भवरा चालन खेलों का लुत्फ उठाया। महापौर श्री प्रसाद ने खेल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं उपस्थित नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है तथा सम्पूर्ण प्रदेश में खेलों का अच्छा वातावरण बना है, पारंपरिक खेलो के प्रति लोगों की रूचि बढ़ी है तथा सभी आयु वर्ग के लोग इन पारंपरिक खेलों को बड़े उत्साह के साथ खेल रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा में अन्य क्षेत्रों के विकास के साथ–साथ खेल के क्षेत्र में भी व्यापक कार्य कराए हैं, उन्हीं के आग्रह से कोरबा में खेल अकादमी स्थापित किए जाने की स्वीकृति मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रदान की गई है, जिसका कार्य भी वर्तमान में प्रगति पर है, खेल अकादमी स्थापित हो जाने से कोरबा जिले के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं आवश्यक प्रशिक्षण आदि प्राप्त हो सकेगे तथा वे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, प्रदीप जायसवाल, रमेश नवरंग, अशोक अग्रवाल, तुलसी ठाकुर, किरण सिंह कंवर, नीला कंवर, पूजा यादव, अशोक लोद, विजय यादव, यशवंत चौहान, विजय सोनखरे, मेहताब अली, राजेश यादव, सीमा लाल, पूजा मिश्रा, सुनील निर्मलकर, क्षितिज गोस्वामी, शोभराम राठौर, प्राचार्या श्रीमती मीना साहू, प्राचार्य डी.के. यादव, निरंजन पटेल, अमित कुमार सहित राजीव युवा मितान क्लब के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण, निगम के अधिकारी कर्मचारीगण तथा आमनागरिकगण उपस्थित थे।

**15 अक्टूबर से प्रारंभ होंगे जोन स्तरीय खेल** – ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022–23 की खेल प्रतियोगिताएं कुल 06 स्तर पर सम्पन्न कराई जाएगी। 11 अक्टूबर को सम्पन्न हुई राजीव मितान क्लब स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के पश्चात अब 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, वहीं 27 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक विकासखण्ड व नगरीय कलस्टर स्तर पर, 17 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जिला स्तर पर 05 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक संभाग स्तर पर एवं 28 दिसम्बर 2022 से 06 जनवरी 2023 तक राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।